प्र. संविधान सभा ने राष्ट्रीय गान को अपनाया?

(a) 20 जनवरी 1950 को (b) 24 जनवरी 1950 को

(c) 21 मई 1949 को (d) 13 नवंबर 1949 को

उत्तर- (b) रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित राष्ट्रीय गान जन- गण- मन को संविधान सभा ने 24 जनवरी 1950 ई. को अपनाया यह सर्वप्रथम 27 दिसंबर 1911 को भारतीय कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में गाया गया

प्र. पुष्कर मेला कहां आयोजित किया जाता है?

(a) जयपुर (b) उदयपुर

(c) जोधपुर (d) अजमेर

उत्तर- (d) पुष्कर मेला राजस्थान के अजमेर में आयोजित किया जाता है अजमेर से 11 किलोमीटर दूर हिंदुओं का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पुष्कर है

यहां पर ब्रह्मा का मंदिर है यहां पर कार्तिक पूर्णिमा को मेला लगता है जिसमें बड़ी संख्या में देशी- विदेशी पर्यटक आते हैं

प्र. निम्नलिखित पराबैंगनी किरणों में से कौन सा अधिक हानिकारक है?

(a) UV-A (b) UV-B

(c) UV-C (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (c) सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणें हानिकारक होती है सूर्य की पराबैंगनी किरणों को सामान्यतया तीन वर्गों में बांटा गया है- UV-A, UV-B, UV-C इन किरणों में UV-C सबसे अधिक हानिकारक होती है

प्र. निम्नलिखित में से कौन सा जैवमंडल का अजैविक घटक नहीं है?

(a) प्रोटीन (b) मृदा

(c) कवक (d) फास्फोरस

उत्तर- (c) कवक जैवमंडल का अजैविक घटक नहीं है यह अत्यंत महत्वपूर्ण जैविक घटक है जो प्राय: उत्पादक तथा उपभोक्ताओं के मृत्यु

Education
सब्सक्राइब करें

के पश्चात उनके शरीर का उद्घाटन करते हैं तथा इनसे निर्मित साधारण पदार्थों द्वारा अपना भोजन एवं ऊर्जा प्राप्त करते हैं

प्र. गिर शेर परियोजना अवस्थित है?

(a) गुजरात में (b) महाराष्ट्र में

(c) उत्तर प्रदेश में (d) मध्य प्रदेश में

उत्तर- (a) एशियाई सिंहों का घर की उपमा से प्रसिद्ध गिर अभ्यारण जिसे 1973 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया में गिर सिंह परियोजना केंद्र सरकार की मदद से प्रारंभ की गई है यह परियोजना गुजरात के जूनागढ़ जिले में स्थित है यह एकमात्र ऐसा उद्यान है जहां एशियाई शेर पाए जाते हैं

प्र. डबल्यू.डबल्यू.एफ. से आशय है?

(a) वर्ल्ड वाइड फंड (b) वर्ल्ड वॉर फंड

(c) वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड (d) वर्ल्ड वॉच फंड

उत्तर- (c) डबल्यू.डबल्यू. एफ. से आशय वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड विश्व वन्यजीव कोष है सन् 1962 में IUCN के सहायक संगठन विश्व वन्यजीव कोष की स्थापना की गई

प्र. गंगा नदी निकलती है?

(a) अरावली श्रेणी से (b) लद्दाख ग्लेशियर से

(c) गंगोत्री ग्लेशियर से (d) मिलाप ग्लेशियर से

उत्तर- (c) सांस्कृतिक महत्व की दृष्टि से गंगा भारत की सबसे महत्वपूर्ण पवित्र नदी है गंगा का उद्गम उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद के 3,900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गोमुख के निकट गंगोत्री हिमानी या गंगोत्री ग्लेशियर से होता है यहां से भागीरथी कहते हैं

प्र. भारत में निम्नलिखित में से कौन सी एजेंसी मुख्य रूप से प्रदूषण के मापन से संबंधित है?

(a) ग्रीन ट्रिब्यूनल (b) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

(c) केंद्रीय जल आयोग (d) सर्वे ऑफ इंडिया

उत्तर- (b) भारत में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्य रूप से प्रदूषण के मापन से संबंधित है यह बोर्ड जल, वायु और ध्वनि प्रदूषण से संबंधित समस्त सेवाओं की रोकथाम और नियंत्रण के लिए सलाह देता है तथा मंत्रालय को तकनीकी सेवा प्रदान करता है

प्र. कोटोपेक्सी एक जाग्रत ज्वालामुखी है जो अवस्थित है?

(a) सिसली में (b) हवाई में

(c) एण्डीज में (d) रॉकीज में

उत्तर- (c) कोटोपेक्सी एक जाग्रत ज्वालामुखी है यह विश्व का सबसे ऊंचा ज्वालामुखी पर्वत है जो दक्षिण अमेरिका महाद्वीप के इक्वेडोर में एण्डीज पर्वतमाला पर स्थित है

प्र. तिब्बत की सांगपो नदी भारत में किस नाम से जानी जाती है?

(a) गंगा (b) यमुना

(c) ब्रह्मपुत्र (d) सिंधु

उत्तर- (c) तिब्बत की सांगपो नदी भारत में ब्रह्मपुत्र के नाम से जानी जाती है ब्रह्मपुत्र विश्व की सबसे बड़ी नदियों में से एक है यह तिब्बत में मानसरोवर झील के निकट चेमायुंग-डंग हिमानी से निकलती है

प्र. घास भूमि क्षेत्र के पारितंत्र की खाद्य श्रृंखला में सबसे उच्च स्तर के उपभोक्ता होते हैं?

(a) शाकाहारी (b) मांसाहारी

(c) जीवाणु (d) मांसाहारी या शाकाहारी

उत्तर- (b) घास भूमि क्षेत्र के पारितंत्र की खाद्य श्रृंखला में सबसे उच्च स्तर के उपभोक्ता मांसाहारी होते हैं

प्र. वायुमंडल का प्रमुख स्तर जो पृथ्वी तल के नजदीक है?

(a) समताप मंडल (b) क्षोभमंडल

(c) मध्य मंडल (d) आयन मंडल

उत्तर- (b) क्षोभमंडल वायुमंडल का प्रमुख स्तर है जो पृथ्वी तल के नजदीक है यह मंडल जैवमंडलीय पारिस्थितिक तंत्र के लिए सर्वाधिक

महत्वपूर्ण है क्योंकि मौसम संबंधी सारी घटनायें जैसे- कोहरा, बादल, वर्षा, आंधी- तूफान आदि इसी मंडल में घटित होती है

प्र. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कितने स्थायी सदस्य हैं?

(a) 3 (b) 4

(c) 5 (d) 6

उत्तर- (c) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्य अंग है और एक प्रकार से संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यपालिका है इसमें 15 सदस्य होते हैं जिसमें 10 अस्थायी तथा 5 स्थायी सदस्य हैं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 5 स्थायी सदस्य निम्न है- अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन

प्र. सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान अवस्थित है?

(a) पश्चिम बंगाल में (b) गुजरात में

(c) राजस्थान में (d) असम में

उत्तर- (c) सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान राजस्थान के अलवर में अवस्थित है इसे 1958 में वन्य जीव अभ्यारण घोषित किया गया तथा 1979 में टाइगर रिजर्व के रूप में प्रोजेक्ट टाइगर में शामिल किया गया

प्र. पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा का मुख्य स्रोत है?

(a) ए.टी.पी. (b) सूर्य प्रकाश

(c) डी.एन.ए. (d) आर.एन.ए.

उत्तर- (b) पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा का मुख्य स्रोत सूर्य का प्रकाश है सूर्य का प्रकाश पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र की ऊर्जा का एकमात्र स्रोत है

प्र. एगमार्क का संबंध है?

(a) गुववत्ता से (b) पैकेजिंग से

(c) संसाधन से (d) उत्पादन से

उत्तर- (a) एगमार्क का संबंध गुणवत्ता से है एगमार्क एक प्रमाणित चिन्ह है जो भारत में कृषि/ खाद्य उत्पादों पदार्थों पर लगाया जाता है एगमार्क शुद्ध रूप से खाद्य पदार्थों से जुड़ा हुआ प्रमाण चिन्ह है जो खाद्य वस्तुओं की शुद्धता एवं गुणवत्ता को सुनिश्चित करता है

YouTube Education सब्सक्राइब करें

प्र. आर्सेनिक द्वारा जल प्रदूषण सर्वाधिक है?

(a) उत्तर प्रदेश में (b) मध्य प्रदेश में

(c) बिहार में (d) पश्चिम बंगाल में

उत्तर- (d) भारत के गंगा- ब्रह्मपुत्र के मैदानी इलाकों तथा बांग्लादेश के पद्मा- मेघना के मैदानी इलाकों में भूमिगत जल आर्सेनिक प्रदूषण से अत्यधिक ग्रस्त है भारत के सात राज्यों- पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, असम, मणिपुर तथा छत्तीसगढ़ का राजनांदगांव में भूमिगत जल आर्सेनिक प्रदूषण से प्रभावित है

प्र. वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम पारित किया गया था?

(a) 1960 में (b) 1962 में

(c) 1972 में (d) 1975 में

Education
सब्सक्राइब करें

उत्तर- (c) वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम 1972 में पारित किया गया था इस अधिनियम में अवैध शिकार एवं व्यापार को रोकने के लिए जुर्माने एवं दंड का प्रावधान है

प्र. दूध से दही बनने की प्रक्रिया को कहते हैं?

(a) प्रकाश संश्लेषण (b) आसवन

(c) किण्वन (d) स्टेरिलाइजेशन

उत्तर- (c) दूध से दही बनने की प्रक्रिया को किण्वन कहते हैं दूध में स्ट्रेप्टोकोकस लैक्टिस एवं लैक्टोबैसिलस लैक्टिस नामक जीवाणु पाए जाते हैं

प्र. किस देश के संविधान से मौलिक कर्तव्यों को लिया गया है?

(a) जर्मनी (b) यूनाइटेड किंगडम

(c) यू.एस.ए. (d) यू.एस.एस.आर.

उत्तर- (d) सोवियत संघ जिसका औपचारिक नाम सोवियत समाजवादी गणतंत्रों का संघ था भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों को पूर्व सोवियत संघ से लिया गया है

प्र. ध्रुवतारा कहा जाता है?

(a) उत्तरी तारे को (b) दक्षिणी तारे को

(c) पूर्वी तारे को (d) पश्चिमी तारे को

उत्तर- (a) जो तारा हमेशा उत्तर दिशा में चमकता रहता है तथा उत्तरी ध्रुव के ठीक ऊपर स्थित होने के कारण एक ही दिशा में हमेशा दिखाई पड़ता है उसे ध्रुव तारा कहा जाता है यह ध्रुव मत्स्य तारा समूह का एक भाग है अतः उत्तरी तारे को ध्रुवतारा कहा जाता है

प्र. भारत में प्रोजेक्ट टाइगर प्रारंभ किया गया था?

(a) 1972 में (b) 1973 में

(c) 1981 में (d) 1985 में

उत्तर- (b) भारत के राष्ट्रीय पशु बाघ के संरक्षण के लिए भारत सरकार ने 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर शुरू किया था प्रोजेक्ट टाइगर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा संचालित योजना है

प्र. फूलों की घाटी अवस्थित है?

(a) जम्मू कश्मीर में (b) हिमाचल प्रदेश में

(c) सिक्किम में (d) उत्तराखंड में

YouTube
सब्सक्राइब करें

उत्तर- (d) फूलों की घाटी भारत का एक राष्ट्रीय उद्यान है जो उत्तराखंड के चमोली जिले के हिमालयी क्षेत्र में स्थित है यूनेस्को ने इसे विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है

प्र. एक वयस्क मानव में कुल अस्थियों की संख्या कितनी होती है?

(a) 306 (b) 275

(c) 206 (d) 175

उत्तर- (c) एक वयस्क मानव में 206 अस्थियां होती है जबकि शिशु अवस्था में 300 अस्थियां पायी जाती हैं

प्र. ग्रीनपीस इंटरनेशनल का मुख्यालय अवस्थित है?

(a) न्यूयॉर्क में (b) सिडनी में

(c) ऐम्सटर्डम में (d) नागासाकी में

उत्तर- (c) ग्रीन पीस एक स्वतंत्र वैश्विक अभियानकारी संस्था है जिसकी स्थापना 1971 ईस्वी में हुई ग्रीनपीस का मुख्यालय ऐम्सटर्डम में स्थित है

प्र. प्रकाश संश्लेषण के प्रकाशीय चरण के दौरान--- का ऑक्सीकरण एवं--- का अपचयन होता है?

YouTube
Education
सब्सक्राइब करें

(a) जल, NADP

(b) $NADPH_2$, $CO_2$

(c) $CO_2$, जल

(d) $CO_2$, $NADPH_2$

उत्तर- (a) प्रकाश संश्लेषण के प्रकाशीय चरण की अभिक्रिया हरित लवक के ग्रेना भाग में होती है इस अभिक्रिया में जल के अणुओं का प्रकाशीय अपघटन होता है तथा हाइड्रोजन आयन प्राप्त होती है प्रकाश संश्लेषण के प्रकाशीय चरण के दौरान जल का ऑक्सीकरण एवं NADP का अपचयन होता है

प्र. एल.पी.जी. के संदर्भ में क्या सत्य नहीं है?

(a) यह एक स्वच्छ ईंधन है

(b) यह उच्च ऊष्मीय मान का है

(c) यह नीले ज्वाला से जलने वाला है

(d) यह मेथेन उत्सर्जन करने वाला है

उत्तर- (d) एल.पी.जी. एक प्राकृतिक गैस है यह मुख्यत: प्रोपेन तथा ब्यूटेन हाइड्रोकार्बन का मिश्रण होता है यह एक स्वच्छ ईंधन है जो

Tez Education सब्सक्राइब करें

गंधरहित होता है एल.पी.जी. गैस उच्चतम ऊष्मीय मान रखती है यह नीली ज्वाला के साथ जलती है और यह सबसे गर्म भाग होता है

प्र. The Origin of Species एक रचना है?

(a) अरस्तु की (b) चार्ल्स डार्विन की

(c) मेंडल की (d) रॉबर्ट हुक की

उत्तर- (b) The Origin of Species चार्ल्स डार्विन की एक रचना है

प्र. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय अवस्थित है?

(a) जेनेवा में (b) हेग में

(c) न्यूयॉर्क में (d) पेरिस में

उत्तर- (b) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय हेग (नीदरलैंड) में अवस्थित है इसकी स्थापना 3 अप्रैल 1946 ई. को की गई थी अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की संविधि में पांच अध्याय तथा 70 अनुच्छेद है

Tez Education